## निवेश करने वाली कंपनियों को जल्द लेटर ऑफ कंफर्ट देगा इंडस्ट्री विभाग

# खेतान, गैलेंट समेत कई कंपनियां बढ़ाएंगी निवेश

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्रदेश में निवेश को रफ्तार देने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले औद्योगिक विकास विभाग ने निवेश करने वाली कई कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट देने पर सहमति बन गई है। प्रदेश में नौ बड़ी कंपनियों ने 10 हजार करोड़ रुपये निवेश करेंगी। चार बड़ी कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट देने पर सहमति बन गई है। खास बात ये है कि निवेश करने वाली कंपनियां पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूर्वांचल में भी बड़े पैमाने पर निवेश करने की तैयारी कर रही हैं।

**ये कंपनियां करेंगी निवेश :** उच्च स्तर पर हुई बैठक के मुताबिक रेडिको खेतान 591 करोड़ से सीतापुर में इकाई स्थापित करेगी और अनुदान के लिए आवेदन किया है। आक्सिजन प्लांट लगाने वाली आइनाक्स एपी 200 करोड़ से रायबरेली में प्लांट लगाएगी। घड़ी साबुन बनाने वाली कंपनी आरएसपीएल लिमिटेड कानपुर नगर में 103 करोड़ से निवेश करेगी। कंपनी चौबेपुर में डिटर्जेंट पाउडर की नई इकाई लगाएगी। एबिस एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट



लिमिटेड 164 करोड़ हाथरस में हैचरी की इकाई लगाएगी। सबसे बड़े निवेशक के रूप में एलएनके ग्रीन ने सोलर सेल और सीईएससी ग्रीन पावर लिमिटेड ने सोलर प्लांट व सोलर उपकरणों के प्लांट के लिए आवेदन किया है। पक्का लिमिटेड 676 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अयोध्या में पेपर, पल्प, मोल्डेड उत्पाद और लुग्दी से जुड़ी इकाई लगाई जाएगी, जिसके तहत कैपिटल सब्सिडी प्राप्त होगी। गैलेंट इस्पात 765 करोड़ से गोरखपुर में इकाई का विस्तार करेगी और स्टेट जीएसटी में सब्सिडी मिलेगी। सीआरडी फूड्स एंड बेवरेजेज 363 करोड़ रुपये से मथुरा में इकाई लगाएगी। आरसीसीपीएल 550 करोड़ से रायबरेली में इकाई लगाएगी और उसे भी स्टेट जीएसटी सब्सिडी प्राप्त होगी।

**8000 से अधिक स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार :** इंडस्ट्री विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इन कंपनियों के निवेश से करीब 8,000 स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। दरअसल, राज्य सरकार का पूरा फोकस है कि अधिक से अधिक कंपनियों को प्रदेश में निवेश करें। जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया हो सके। गौरतलब है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में औद्योगिक विकास विभाग की कोशिश है कि 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाए। पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राज्य सरकार का फोकस विशेष तौर पर पूर्वांचल और बुंदेलखंड है, जहां इंडस्ट्री कम है। इससे रोजगार के लिए स्थानीय लोगों को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। यही वजह है कि पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री विभाग लैंड बैंक विकसित कर रहा है।

## पांच कंपनियों की एलओसी के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई प्राधिकृत समिति की बैठक में पांच कंपनियों को एलओसी जारी किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। जिन पांच कंपनियों को एलओसी जारी किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। वो निवेश कानपुर नगर, हाथरस, अमेठी, बहराइच और प्रयागराज में प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं में 590.30 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इनमें पॉल्ट्री फीड, डिटर्जेंट, टीएमटी बार व एथेनॉल उत्पादन की परियोजनाएं शामिल हैं। निवेशकों द्वारा जिन प्रोत्साहनों के लिए आवेदन किया गया है, उनमें एसजीएसटी सब्सिडी, कैपिटल सब्सिडी तथा नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति शामिल है।